ADVANCED RESPIRATORY CARE NETWORK

पी.एफ.टी. (पल्मनरी फंक्शन टेस्ट)

पी.एफ.टी यह नापता है कि आपके फेफड़ों में कितनी हवा जाती है और यह हवा कितनी अच्छी तरह बाहर आती और अंदर जाती है। इस जाँच (टेस्ट) से इस बात का पता चलता है कि आपके फेफड़े कैसे कार्य कर रहे हैं। यह फेफड़ों की बीमारी का पता लगाने या यह जानने के लिए किया जाता है कि उपचार का आप पर कैसा असर हो रहा है।

अपने टैस्ट के लिए समय पर पहुँचें। टैस्ट को तकरीबन ३०-४५ मिनट लगते हैं।

तैयारी करना

- टैस्ट के पूर्व के २ घंटों के दौरान धुम्रपान न करें।
- टैस्ट से पहले बहुत थोड़ा खाना खाएं ताकि आप टैस्ट के दौरान लंबी साँस ले सकें।
- यदि आप फेफड़ों की दवाई ले रहे हैं और टैस्ट वाले दिन अगर आपका साँस फूला हुआ नहीं है और आप महसूस करते हैं कि आपको फेफड़ों की दवाई लेने की ज़रुरत नहीं है तो कृपया टैस्ट वाले दिन दवाई न लें।
- अगर आप अंगरेज़ी नहीं बोलते हैं या बहुत कम बोलते हैं, तो कृपया टैस्ट के लिए किसी वयस्क अनुवादक को अपने साथ लाएं।
- टैस्ट की नियोजत भेंट (अपाएंटमैंट) के लिए कृपया अपनी फेफड़ों की दवाइयाँ साथ ले कर आएं।

जाँच (टैस्ट) के दौरान

एक साँस चिकित्सक (थेरपिस्ट) आपको बताएगा कि टैस्ट के दौरान क्या करना है ताकि सब से बड़िया और सही नतीजे मिल सकें। साँस थेरपिस्ट के लिए ऊँची आवाज़ में बोलना एक आम बात है ताकि मशीन के शोर में उसके आदेश आसानी से सुने जा सकें।

- आपके नाक पर एक चिमटी लगाई जाती है ताकि आप मुंह से साँस ले सकें।
- आप मशीन के भीतर जाने वाली एक टयूब के माध्यम से साँस लेंगे या साँस छोड़ेंगे।
- आप जितनी भी गहराई से हो सके साँस लेंगे और फिर बहुत ही जलदी से हवा बाहर निकालेंगे।
- पहले आप सामान्य रुप से साँस लेंगे और फिर जितना भी लंबा हो सके साँस लेंगे।
- आपको साँस के साथ अंदर लेने के लिए दवाई भी दी जा सकती है और दवाई का असर देखने कि लिए और अधिक जाँच (टैस्टिंग) भी की जा सकती है।



जाँच (टैस्ट) के बाद

- आपको थकावट हो सकती है और आराम की ज़रुरत पड़ सकती है।
- नतीजे आपके डाक्टर के पास भेजे जाते हैं। आपका डाक्टर आप को नतीजों के बारे में बताएगा।

अगर आपके कोई सवाल या चिंताएँ हैं तो अपने डाक्टर या नर्स से बात करें।

'2012' Adapted from Ohio State University Medical Center, Mount Carmel Health, and OhioHealth; www.healthinfotranslations.org'
Copyright 2012 Advanced Respritory Care Network